# गणित

(www.tiwariacademy.com)

**(अध्याय – 3)(निर्देशांक ज्यामिति)**

**(कक्षा – 9)**

## प्रश्नावली 3.1

**प्रश्न 1:**

एक अन्य व्यक्ति को आप अपने अध्ययन मेज पर रखे टेबल लैंप की स्थिति किस तरह बताएँगे?

**उत्तर 1:**

टेबल लैंप बैठने वाली दिशा से 9 इकाई दूरी पर है और बाएँ ओर से 4 इकाई की दूरी पर है। अतः टेबल लैंप के निर्देशांक (4, 9) हैं।




**प्रश्न 2:**

(**सड़क योजना**): एक नगर में दो मुख्य सड़कें हैं, जो नगर के केन्द्र पर मिलती हैं। ये दो सड़कें उत्तर-दक्षिण की दिशा और पूर्व-पश्चिम की दिशा में हैं। नगर की अन्य सभी सड़कें इन मुख्य सड़कों के समांतर परस्पर 200 मीटर की दूरी पर हैं। प्रत्येक दिशा में लगभग पाँच सड़कें हैं। 1 सेंटीमीटर = 200 मीटर का पैमाना लेकर अपनी नोट बुक में नगर का एक मॉडल बनाइए। सड़कों को एकल रेखाओं से निरूपित कीजिए।

आपके मॉडल में एक-दूसरे को कटती हुई अनेक क्रॉस-स्ट्रीट (चौराहे) हो सकती हैं। एक विशेष क्रॉस-स्ट्रीट दो सड़कों से बनी है, जिनमे से एक उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और दूसरी पूर्व-पश्चिम की दिशा में। प्रत्येक क्रॉस-स्ट्रीट का निर्देशन इस प्रकार किया जाता है: यदि दूसरी सड़क उत्तर-दक्षिण दिशा में जाती है और पाँचवीं सड़क पूर्व-पश्चिम दिशा में जाती है और ये एक क्रासिंग पर मिलती हैं, तब इसे हम क्रॉस-स्ट्रीट (2, 5) कहेंगे। इसी परंपरा से यह ज्ञात कीजिए कि


**(i)** कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (4, 3) माना जा सकता है।

**(ii)** कितनी क्रॉस-स्ट्रीटों को (3, 4) माना जा सकता है।

**उत्तर 2:**

**(i)** केवल एक क्रॉस-स्ट्रीटों को (4, 3) माना जा सकता है।

**(ii)** केवल एक क्रॉस-स्ट्रीटों को (4, 3) माना जा सकता है।




TIWARI ACADEMY